ई. मेल :- dforudraprayag @gmail.com
फोन/ फैक्स नं0 :- 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक :- 2029 /12-1(2) दिनांक 11/04/2017::

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
रुद्रप्रयाग।

विषय :– जनपद–रुद्रप्रयाग के अन्तर्गत कुसुमगाड़–औरिंग मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.780 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को वन भूमि हस्तान्तरण।

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक–854 / 13सी0 दिनांक 11.04.2017।

उपरोक्त सन्दर्भित विषयक प्रकरण में वन एवं पर्यावरण अनुभाग–4, उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या–389 / एक्स–4–16 / 1(110) / 2016 दिनांक 28.06.2016 के द्वारा प्रदत्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में अध्यारोपित शर्तों के अनुपालन में जमा की जाने वाली धनराशियों का वित्तीय वर्ष परिवर्तन के कारण संशोधित डिमांड नोट निम्न प्रकार प्रेषित है।

(1) शर्त संख्या–1 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रत्यावर्तन भूमि के बदले 3.560 है0 ग्राम–औरिंग सिविल सोयम भूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों तक रखरखाव हेतु देय धनराशि प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–596 / 3–5–2 दिनांक 19.08.2015 में उल्लिखित वसूली वर्ष–2017–18 के लिये निर्धारित दर के अनुसार रुपये 3.560 hac. @ 253332.00 = 901862.00 (नौ लाख, एक हजार, आठ सौ बासठ) मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

(2) शर्त संख्या–2 के अनुपालन में प्रस्तावित स्थल के आसपास रिक्त पड़े स्थानों पर यथोचित वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों तक रखारखाव हेतु देय धनराशि प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड की पत्र संख्या–596 / 3–5–2 दिनांक 19.08.2015 में उल्लिखित वसूली वर्ष 2017–18 के लिये निर्धारित दर के अनुसार 1.65 km. @ 379843.00/km. = 626741.00 रुपये (छः लाख, छब्बीस हजार, सात सौ ईक्तालीस) मात्र जमा की जानी है।

(3) शर्त संख्या–3 के अनुपालन में ऑन लाईन भरे गये प्रपत्र–भाग–2 के अनुसार प्रशनगत क्षेत्र इको क्लास–V के अन्तर्गत है तथा हरियाली का घनत्व 0.20 है। तद्नुसार भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र संख्या–5–3 / 2007–एफ0–सी0 दिनांक 05.02.2009 में उल्लिखित दरों के अनुसार रुपये 1.78 hac. @ 657000.00/hac.=1169460.00 (ग्यारह लाख, उन्हत्तर हजार, चार सौ साठ) मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

संख्या– / दिनांकित।

**प्रतिलिपि** :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग को सूचनार्थ प्रेषित।

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।